चौ० चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
# Ch. Charan Singh University, Meerut

पत्रांक :गोप0 / प्रयो0 / 98
दिनांक : 28/1/2022

## विज्ञप्ति

विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त राजकीय / अनुदानित / स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों / संस्थानों को सेमेस्टर प्रणाली के अन्तर्गत विभिन्न संकायों के विषम सेमेस्टर दिसम्बर–2021 की आन्तरिक परीक्षा के अंक ऑनलाईन पोर्टल पर अपलोड करने एवं अंकपर्णो की दो प्रतियॉ (कुलसचिव प्रति एवं टेबुलेटर प्रति) विश्वविद्यालय के सम्बन्धित विभागों में उपलब्ध कराने हेतु विश्वविद्यालय द्वारा विज्ञप्ति संख्या–गोप0 / प्रयो0 / 1707 दिनांक 21.12.2021 जारी की गयी थी।

उक्त विज्ञप्ति जारी किये जाने के पश्चात भी महाविद्यालयों / संस्थानों द्वारा आन्तरिक अंक पोर्टल पर अपलोड नहीं किये जाने तथा अंकपर्णो की दो प्रतियॉ सम्बन्धित विभागो में उपलब्ध नहीं कराये जाने पर पुनः विश्वविद्यालय की विज्ञप्ति संख्या–1723 दिनांक 30.12.2021 एवं विज्ञप्ति संख्या–08, दिनांक 06.01.2022 जारी करते हुये दिनांक 15.01.2022 तक आन्तरिक अंक विश्वविद्यालय के पोर्टल पर अपलोड किये जाने की अपेक्षा की गयी थी किन्तु अधिकांश महाविद्यालयों / संस्थानों द्वारा अभी तक आन्तरिक अंक विश्वविद्यालय के पोर्टल पर अपलोड नहीं किये गये हैं, जिस पर मा0 कुलपति महोदया द्वारा खेद प्रकट करते हुये अप्रसन्नता व्यक्त की गयी है।

अतः ऐसे सभी प्राचार्य / प्राचार्या / निदेशक (राजकीय / अनुदानित / स्ववित्त संस्थान / महाविद्यालय) जिन्होनें अभी तक विश्वविद्यालय के पोर्टल पर ऑनलाईन अंक अपलोड नहीं किये हैं, मा0 कुलपति महोदया के आदेश के क्रम में उन्हे एक अन्तिम अवसर प्रदान करते हुये निर्देशित किया जाता है कि वे प्रत्येक दशा में विषम सेमेस्टर दिसम्बर 2021 की आन्तरिक परीक्षाओं के अंक विलम्बतम 07.02.2022 तक विश्वविद्यालय के पोर्टल पर ऑनलाईन अपलोड कर अंकपर्णो की दो प्रतियॉ सम्बन्धित विभागों में अवश्य उपलब्ध करा दें। उक्त निर्धारित तिथि के उपरान्त किसी भी महाविद्यालय / संस्थान के आन्तरिक अंक पोर्टल पर अपलोड नहीं कराये जायेंगे और आन्तरिक अंको के अभाव में यदि किसी छात्र / छात्रा का परीक्षाफल अपूर्ण रहता है तो उसका समस्त दायित्व सम्बन्धित महाविद्यालय / संस्थान के प्राचार्य / प्राचार्या / निदेशक का होगा।

28/01/2022

परीक्षा नियन्त्रक

प्रतिलिपि :–

1. सचिव कुलपति को माननीय कुलपति महोदया के सादर संज्ञानार्थ।
2. वैयक्तिक सहायक–प्रति कुलपति को प्रति कुलपति महोदया के अवलोकनार्थ।
3. वैयक्तिक सहायक–कुलसचिव को कुलसचिव महोदय के सूचनार्थ।
4. वैयक्तिक सहायक–परीक्षा नियन्त्रक के परीक्षा नियन्त्रक महोदय के सूचनार्थ।
5. प्रभारी वैबसाइट विश्वविद्यालय को, वैबसाइट पर अपलोड कराने हेतु।

सहायक कुलसचिव (गोपनीय)